रजिस्ट्री सं. डी. एल. (एन) 04/0007/2003–05

REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2003—05

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

साप्ताहिक

WEEKLY

सं. 04] नई दिल्ली, जनवरी 29—फरवरी 4, 2017, शनिवार/माघ 9—माघ 15, 1938

No. 04] NEW DELHI, JANUARY 29—FEBRUARY 4, 2017, SATURDAY/MAGHA 9—MAGHA 15, 1938

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)

PART II—Section 3—Sub-section (i)

भारत सरकार के मंत्रालयों ( रक्षा मंत्रालय को छोड़कर ) और केन्द्रीय अधिकारियों ( संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर ) द्वारा विधि के अंतर्गत बनाए गए और जारी किए गए साधारण सांविधिक नियम ( जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं )

**General Statutory Rules (Including Orders, Bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)**

---

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

नई दिल्ली, 25 जनवरी, 2017

**सा.का.नि. 20.**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और बी सी जी वैक्सीन प्रयोगशाला, गिंडी, मद्रास (समूह 'ग' पद) भर्ती नियम, 1981 को, उन बातों के सिवाय जहां तक उनका संबंध स्टोर कीपर के से है अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, के बी सी जी वैक्सीन प्रयोगशाला, गिंडी चेन्नई में स्टोर कीपर के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :-

**1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ -** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, बी सी जी वैक्सीन प्रयोगशाला, गिंडी, चेन्नई, स्टोर कीपर श्रेणी (समूह 'ग' पद) भर्ती नियम, 2017 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

**2. पदों की संख्या, वर्गीकरण, वेतन मैट्रिक्स में स्तर** – पदों की संख्या, उसका वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर वे होंगे जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं ।

**3. भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं आदि** – भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी, जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

**4. निरर्हता -** वह व्यक्ति -

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या

विवाह की संविदा की है या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

या विवाह की संविदा की है, उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा ।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी |

**5. शिथिल करने की शक्ति -** जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या उपयुक्त है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।

**6. व्यावृत्ति -** इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय – समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

**अनुसूची**

| पद का नाम | पदों की संख्या | वर्गीकरण | वेतन मैट्रिक्स में स्तर | चयन अथवा अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| स्टोर कीपर | एक *<br>(2017)<br>*कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केंद्रीय सेवा समूह 'ग' अनुसचिवीय | स्तर –4<br>(25500 - 81100रु.) | अचयन | 30 वर्ष से अधिक नहीं<br>केंद्रीय) सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार विभागीय अभ्यर्थीयों के लिए 40 वर्ष तक शिथिल की जा सकती है ।)<br>**टिप्पण** : आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैण्ड, सिक्किम, त्रिपुरा, जम्मू कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा जिले के पांगी उपखंड, अंडमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है) ।<br>आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | वह होगी जिसको कर्मचारी चयन आयोग द्वारा विज्ञापन किया गया है (आयु सीमा 18 और 27 वर्ष के बीच होगी यदि सीधी भर्ती की पद्धति सीधी खुली प्रतियोगी परीक्षा द्वारा है) |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी | परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो। |
|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) |
| (अ) (i) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12 वी उत्तीर्ण<br>(ii) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार, स्वायत्त या कानूनी संगठन, पब्लिक सैक्टर उपक्रम या विश्वविद्यालय या बैंक या किसी ऐसे प्राइवेट सैक्टर संगठन में जो भारतीय शेयर बाजार में सूचीबद्ध है में स्टोर संभालने और स्टोर या संबंधित मे लेखा रखने का दो वर्ष का अनुभव<br>या<br>(आ) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से वाणिज्य या अर्थशास्त्र या सांख्यिकी या कारबार अध्ययन या लोक प्रशासन विषय के रूप में बैचलर डिग्री<br>**टिप्पण 1 :** अर्हताएं, अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में कारणों के लिए जो लेखबद्ध किए जाए कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी या चयन आयोग के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती है। | नहीं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए दो वर्ष। |

| भर्ती की पद्धति: भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता | प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा |
|---|---|
| (10) | (11) |
| (i) प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा | प्रोन्नति : वेतन मैट्रिक्स (19900 - 63200) स्तर–2 ग्रेड –II में आठ वर्ष की नियमित सेवा वाले स्टोर कीपर |

| | |
|---|---|
| | **टिप्पण-1** : जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में , जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जबकि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो , कम न हो और जिन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित , जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो । <br><br> **टिप्पण-2:** प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की संगणना करने के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा 1 जनवरी, 2016 से पहले या उस तारीख से जिससे सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित पुनरीक्षित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है। <br><br> **टिप्पण 3 :** पुनरीक्षित नियमों की अधिसूचना की तारीख पर नियमित आधार पर पोषक पदों पर धारित व्यक्तियों के लिए अर्हक सेवा वही जारी रहेगी। <br><br> प्रतिनियुक्ति : केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार और पब्लिक सेक्टर उपक्रम के ऐसे अधिकारी – <br><br> (क) (i) जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किऐ हुए है <br><br> (i) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् वेतन मैट्रिक्स (19900 -63200) स्तर-2 में आठ वर्ष की सेवा की है । <br><br> (ख) जिनके पास स्तंभ (7) के अधीन सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित शैक्षिक अर्हता और अनुभव है । <br><br> पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे । <br><br> (प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी । <br><br> प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।) |

| यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा। |
|---|---|
| (12) | (13) |
| **समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति (पुष्टि/प्रोन्नति के संबध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :-**<br>1. निदेशक ,बी सी जी वैक्सीन प्रयोगशाला, चेन्नई – अध्यक्ष<br>2. उप सहायक निदेशक ,बी सी जी वैक्सीन प्रयोगशाला, चेन्नई – सदस्य<br>3. तकनीकी अधिकारी, बी सी जी वैक्सीन प्रयोगशाला, चेन्नई - सदस्य<br>4. केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार से कोई राजपत्रित अधिकारी- सदस्य | लागू नहीं होता। |

[फा .सं. ए-12018/04/2016- ईपीआई]

बी. एल. मीणा, अवर सचिव

## MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

New Delhi, the 25th January, 2017

**G.S.R. 20.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the BCG Vaccine Laboratory, Guindy, Madras, Recruitment Rules, 1981 in so far as they relate to the post of Store Keeper , except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Store Keeper in the Ministry of Health and Family Welfare, BCG Vaccine Laboratory, Guindy, Chennai, namely: -

**1. Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Ministry of Health and Family Welfare, BCG Vaccine Laboratory, Guindy, Chennai Store Keeper Grade Group 'C' Post Recruitment Rules, 2017.

(2) They shall come into the force on the date of their publication in the Official Gazette.

**2. Number of post, classification, Level in the Pay Matrix.**—The number of the said post, its classification and the level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in the columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

**3. Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc.**—The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

**4. Disqualification.**—No person,-

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person, shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

**5. Power to relax.**—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

**6. Saving.**—Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the Other Backward Classes, the Ex-servicemen and other

special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of post | Number of post | Classification | Level in the Pay Matrix | Whether selection post or non - selection | Age limit for direct recruits | Educational and other qualifications required for direct recruits |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| Store Keeper | One* (2017) *Subject variation dependent on workload | General Central Service, Group 'C' Ministerial. | Level-4 (Rs. 25500-81100) | Non- selection | Not exceeding 30 years (Relaxable for Departmental candidates upto 40 years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government).<br><br>**Note.-** The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates (and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh division of Jammu and Kashmir State, Lahaul and Spiti District and Pangi Sub-Division of Chamba District of Himachal Pradesh, Andaman and Nicobar Island and Lakshadweep);or<br>The crucial date for determining the age-limit shall be as advertised by the Staff Selection Commission.<br>(The age limit shall be 'Between 18 and 27 years' if the direct recruitment is by the method of Direct Open Competitive Examination) | (i) 12th Pass from a recognized Board or University.<br>Two year experience in handling Stores and keeping Accounts in a Store or a concern of Central Government or State Government, autonomous or statutory organization, Public Sector Undertaking or University or Banks or in a Private Sector Organization listed on the stock exchange of India.<br><br>Bachelor's Degree with Commerce or Economics or Statistics or Business Studies or Public Administration as a subject from a recognized University or Institute.<br>Note1.- Qualifications are relaxable at the discretion of the Competent Authority or Staff Selection Commission for reasons to be recorded in writing in the case of candidates otherwise well qualified. |

| Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any | Method of recruitment; whether by direct recruitment or by promotion or by deputation or absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods | In case of recruitment by promotion or deputation or absorption, grade from which promotion or deputation or absorption to be made |
|---|---|---|---|
| (8) | (9) | (10) | (11) |
| No | Two years for direct recruits | Promotion failing which by deputation, failing both by direct recruitment | **Promotion:**<br>Store Keeper Grade-II, Level-2 (Rs. 19900-63200) in the Pay Matrix with eight years regular service.<br>**Note1.-** Where juniors who have completed their qualifying or eligibility service are being considered for promotion, their seniors would also be considered provided they are not short of the requisite qualifying or eligibility service by more than half of such qualifying or eligibility service or two years, whichever is less and have successfully completed their probation period for |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | promotion to the next higher grade along with their juniors who have already completed such qualifying or eligibility service.<br><br>**Note 2.-** For the purposes of computing minimum qualifying service for promotion, the service rendered on a regular basis by an officer prior to 1st January, 2016 the date from which the revised pay structure based on the Seventh Central Pay Commission recommendation.<br><br>**Note 3.-** The eligibility service shall continue to be same for the persons holding the feeder posts on regular basis on the date of notification of the revised rules.<br><br>**Deputation.-** Officers of the Central Government or State Government and Public Sector Undertaking-<br><br>(a) (i) holding analogous posts on regular basis in the parent cadre or Department, or<br><br>(ii) with eight years service in Level-2 (Rs. 19900-63200) in the Pay Matrix rendered after appointment thereto on regular basis or equivalent in the parent cadre or Department; and<br><br>(b) possessing the educational qualifications and experience prescribed for direct recruits under column (7).<br><br>The Department Officers in the feeder category who are in the direct line of promotion shall not be eligible for consideration for appointment on deputation. Similarly deputations shall not be eligible for consideration for appointment by promotion.<br><br>(Period of deputation including period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other Organization or Department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years. The maximum age limit for appointment by deputation shall be not exceeding fifty six years as on the closing date of the receipt of applications. |

[F. No. A-12018/04/2016-EPI]

B. L. MEENA, Under Secy.

## मानव संसाधन विकास मंत्रालय

## (स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग)

नई दिल्ली, 27 जनवरी, 2017

**सा.का.नि. 21.**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और मानव संसाधन विकास मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय, उप निदेशक(समूह "क" ) पद भर्ती नियम, 2015 में संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:–